पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-11   बुधवार, दिनांक-25 मार्च, 2015 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-398 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-406 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

(vi) 138 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''अल्पसूचित प्रश्न संख्या-'क'-7 के उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा इस प्रश्न को स्वयं देखने की घोषणा की गयी ।''

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार, श्री सुरेन्द्र मेहता एवं श्री जनक सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i)	श्री प्रदीप कुमार	(ii)	श्री संजय सिंह (टाइगर)
(iii)	श्री जनक सिंह	(iv)	श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v)	डा० इजहार अहमद	(vi)	श्री प्रेम कुमार

मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद ने शून्यकाल की सूचना के माध्यम से गंगा सेतु में लग रहे जाम की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट किया ।

मा० मंत्री पथ निर्माण विभाग श्री राजीव रंजन सिंह ने गंगा सेतु की मरम्मति एवं जाम से निदान के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तार से सदन को जानकारी दी ।

परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शांत नहीं हुए और वेल में आ गए ।

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) मा० मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा नियम समिति का प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

[5] <u>समितियों का गठन</u> :-

मा० मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रम संबंधी समिति का वर्ष 2015-16 के गठन के लिए मा० अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को अधिकृत करने एवं इन समितियों के सह-सदस्यों के लिए बिहार विधान परिषद् से क्रमश: 04, 06 एवं 03 मा० सदस्यों को मनोनीत करने के लिए बिहार विधान परिषद् को अधिकृत करने से संबंधित क्रमश: दो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

आसन द्वारा प्रतिपक्ष के मा० सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी-अपनी सीट पर जावें एवं शांति बनाए रखें, किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री राम नारायण मंडल ने आसन ग्रहण किया)

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा राज्य की जल संसाधन नीति पर विचार-विमर्श के लिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं उनके तरफ से मा० सदस्य श्री रामदेव महतो द्वारा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांगों एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(iii) श्री रणविजय कुमार सिंह
(iv) श्री अब्दुस सुबहान
(v) श्री रामेश्वर पासवान
(vi) श्री ब्रज किशोर बिन्द
(vii) श्री मो० जावेद
(viii) श्री रामानन्द राम
(ix) श्री राम बालक सिंह

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xi) श्रीमती गुड्डी देवी

मा० प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान को मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

[8] <u>शोक प्रकाश</u> :-

मा० अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की -

(i) स्व० विश्वमोहन भारती, स०वि०स०

(ii) स्व० रामेश्वर राय, स०वि०प०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार दिनांक 26 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.03.2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।